Dainik Jagran - 13-01-2011

सत्तर उम्मीदवारों को मिला रोजगार

रोजगार मेला

- कंपनियों ने ड्राफ्टमैन, टेक्नीशियन सहित कई पदों पर की नियुक्ति

उम्मीदवारों का साक्षात्कार लेते कंपनी के अधिकारी। जागरण

फरीदाबाद, जागरण संवाद केंद्र : निर्माण उद्योग विकास परिषद के कार्यालय में बुधवार को रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इस मेले में अधिकतर साक्षात्कार निर्माण उद्योगों के खाली पदों के लिए गए। सौ से अधिक उम्मीदवारों ने इस मेले में साक्षात्कार दिया। इनमें से 70 उम्मीदवारों का चयन किया गया।

इस मेले में सिंप्लेक्स इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड, सीक्यूआरए, ए एंड ए इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड, सेंट्रल पार्क, सीता कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड, बीएल कश्यप, मेट्रो इंडिया, लैनको ग्रुप व कावुर अपबिल्डिंग नामक कंपनियों ने विभिन्न पदों के लिए उम्मीदवारों का चयन किया। मेले में ड्राफ्ट मैन, लैब टेक्नीशियन, लैंड सरवेयर, इलेक्ट्रिशियन, स्टोर कीपर, साइट अकाउंटेंट, सामान्य कार्य निरीक्षक के लिए नियुक्ति की गई।